बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य0 यो0(मधेपुरा)–81 / 2020. 6606 **पटना, दिनांक** :– 23/08/2023

आदेश

अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक 399 दिनांक 25.05.2023 द्वारा श्री कृष्ण कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01985) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने एवं बार–बार निदेश दिए जाने के बावजूद भी कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4861 दिनांक 13.06.2023 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं दिया गया है। क्योंकि इनके द्वारा 1075 खेसरों के खानापुरी कार्य में 09 माह का समय लिया गया है, जिससे इनके कार्यो में उच्च कोटि की लापरवाही प्रदर्शित हो रही है। विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत किए जाने वाले विभिन्न प्रक्रम के कार्य हेतु समय सीमा निर्धारित है, जिसमें किस्तवार एवं खानापुरी कार्य हेतु 120 दिन की समयावधि निर्धारित की गयी है। यद्यपि की इनके द्वारा की जा रही घोर लापरवाही से विशष सर्वेक्षण कार्य का निर्धारित लक्ष्य बाधित हुआ है, परन्तु इनके कार्य में सुधार लाने के दृष्टिकोण से तत्काल 06 माह के मानदेय कटौती करते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

23/8/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य0 यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 6606 **पटना, दिनांक** :– 23/08/2023

प्रतिलिपि :– श्री कृष्ण कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01985), बंदोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य0 यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 6606 **पटना, दिनांक** :– 23/08/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य0 यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 6606 **पटना, दिनांक** :– 23/08/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार के व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 23/8/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप